प्रधानमंत्री ने बांसवाड़ा से वीसी से तीन स्पेशल रेल सेवाओं को हरी झंडी दिखाई

यह रेल सेवाएँ राजस्थान के निवासियों को नए क्षेत्रों से जोड़ने का तथा उनके सफ़र को आसान बनाने का कार्य करेगी : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

- **जोधपुर-दिल्ली कैंट वंदे भारत, बीकानेर-दिल्ली कैंट वंदे भारत एवं उदयपुर सिटी-चंडीगढ़- उदयपुर सिटी उद्घाटन स्पेशल रेलसेवा को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया**

जोधपुर, (कासं)। यात्रियों की सुविधा के लिए जोधपुर-दिल्ली कैंट वंदे भारत, बीकानेर-दिल्ली कैंट वंदे भारत एवं उदयपुर सिटी-चंडीगढ़-उदयपुर सिटी उद्घाटन स्पेशल रेल सेवाओं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को बांसवाड़ा से वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। प्रधानमंत्री ने बांसवाड़ा में आयोजित समारोह में दो वंदे भारत ट्रेन एवं एक एक्स्प्रेस रेल सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पीएम मोदी ने कहा कि यह रेल सेवाएँ राजस्थान के निवासियों को नए क्षेत्रों से जोड़ने का कार्य करेगी तथा उनके सफ़र को आसान बनाने का कार्य करेगी। जोधपुर में आयोजित समारोह में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, सांसद राजेन्द्र गहलोत, पीपी चौधरी सहित जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

समारोह में अश्विनी वैष्णण ने कहा कि जोधपुर से पुणे हैदराबाद चेन्नई और गांधीधाम के लिए प्रतिदिन आवृति वाली रेल सेवाएं प्रारंभ की गई है जो कि यहां के निवासियों की बहुत पुरानी मांग थी। इन रेल सेवाओं के संचालन से जोधपुर के निवासियों को व्यापार एवं शिक्षा के लिए बेहतर रेल सुविधाएं प्राप्त हो रही है। वैष्णव ने कहा कि पाली में शत प्रतिशत मिट्टी से निर्मित कुल्हड़ का उपयोग रेलवे में लिया जाएगा। उन्होंने जोधपुर-दिल्ली कैंट, बीकानेर-दिल्ली कैंट वंदे भारत ट्रेन और उदयपुर सिटी-चंडीगढ़ रेल सेवा के प्रारंभ होने पर राजस्थान के निवासियों को शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर गजेन्द्र सिंह शेखावत ने अश्विनी वैष्णव का अभिनंदन करते हुए कहा कि विगत 11 वर्षों में रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर के बहुत से कार्य जोधपुर क्षेत्र में किए गए हैं, जिनमें स्टेशन रीडेवलपमेंट और शत प्रतिशत विद्युतीकरण कार्य सम्मिलित हैं। उन्होंने कहा कि अश्विनी वैष्णव ने जोधपुर से विभिन्न स्थानों के लिए प्रतिदिन आवर्ती वाली ट्रेनों का संचालन कर क्षेत्र को सौग़ात प्रदान की है। उन्होंने बताया कि जोधपुर स्टेशन के रीडेवलपमेंट का कार्य लगभग 500 करोड़ की लागत से किया जा रहा है जो कि भविष्य में आमजन के लिए बेहद उपयोगी होगा।

पाली सांसद पी पी चौधरी ने संबोधित करते हुए विगत समय में पाली स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव को मंज़ूरी करने के लिये रेल मंत्री का आभार व्यक्त किया एवं पाली स्टेशन के रीडेवलपमेंट कार्यों को प्रारंभ करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।अश्विनी वैष्णव ने पाली स्टेशन का निरीक्षण किया एवं अधिकारियों को कार्य निष्पादन हेतु दिशा निर्देश प्रदान किए। जोधपुर स्टेशन के निरीक्षण के दौरान अश्विनी वैष्णव ने स्टेशन रीडेवलपमेंट कार्यों की समीक्षा की एवं अधिकारियों को दिशा निर्देश प्रदान किए। वैष्णव ने इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि जोधपुर स्टेशन को स्थानीय विरासत के अनुरूप अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं के साथ विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कार्य प्रगति के बारे में जानकारी प्रदान की।

घर में घुसकर आगजनी करने वाले युवक की उपचार के दौरान मौत

- **हादसे में झुलसी युवती व उसकी मां का उपचार जारी**

उदयपुर, (निसं)। घर में घुसकर ज्वलनशील पदार्थ छिड़ककर आगजनी करने से झुलसे युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि झुलसी युवती व उसकी मां का उपचार जारी है।

जानकारी अनुसार 19 सितंबर रात में शहर के सविना क्षैत्र में स्थित मकान में घुस आरोपी सीताराम उर्फ हितेश पुत्र कालूलाल निवासी ओगणा फलासिया ने ज्वलनशील पदार्थ जमीन पर उडेल कर लाइटर से आगजनी कर दी थी, जिसके चलते हितेश व मकान में रहने वाली युवती व उसकी मां गभीर झुलस गए थे। इसका पता चलने पर पड़ोसियों ने 108 की मदद से तीनों को उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया, जहां सीताराम उर्फ हितेश की मौत हो गई। एएसआई चतरसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा। घटना वाली रात में आरोपी स्कूटी लेकर पीड़िता के घर पहुंचा, जहां गेट तोड़ अंदर घुस पेट्रोल जमीन पर उडेल कर लाइटर से आग लगा दी, जिससे सीताराम उर्फ हितेश व युवती तथा उसकी मां झुलस गए। इसको देख चिल्लाने पर आए पड़ोसियों ने आग पर काबू कर सभी को चिकित्सालय पहुंचाया था। मामले में पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। आरोपी सीताराम साउंड बजाने का काम करता है एवं युवती किसी फाइनेंस कंपनी में काम करती है।

जेवर व नकदी से भरा बैग चोरी

उदयपुर, (निसं)। सुखेर थाना क्षैत्र में अज्ञात नकाबपोश बदमाश कार से जेवर व नकदी से भरा बैग चुरा ले गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार फालना पाली हाल कविता सुखेर निवासी संतोष कुमारी पत्नी विजय कुमार मेवाड़ा ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि 23 सितंबर रात में नाथद्वारा रोड़ पर स्थित होटल पर कार खड़ी कर खाना खाने गई। इस दौरान कोई बैग चुरा ले गया।

Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd., JAIPUR

No. NIT/2025-26/20596-607 Date: 24.09.2025

निविदा सूचना/2025-26

निम्नलिखित कार्य के लिए केन्द्र/राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों एवं उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

कार्य का विवरण	कार्य की कुल अनुमानित लागत (रू.)	निविदा सूचना संख्या
Construction of ROB Near Kishangarh-Khairthal-Kotputli Road on Rewari-Alwar Section. UBN: RRC2526WLOB00696	2553.20 Lakh	ई-372/ 25-26
SITC of MGPS & MOT work for IPD Block at Mahila Chikitsalaya, Sanganery Gate, Jaipur. UBN: RRC2526WSOB00695	482.26 Lakh	ई-375/ 25-26

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सपूर्ण विवरण एव सशोधन वेबसाईट http://eproc. rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.nic.in तथा http://pwd.rajasthan.gov.in/rsrdc पर देखा जा सकता है। इच्छुक सवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। महाप्रबन्धक

कार्यालय नगर परिषद, जालोर (राजस्थान)

क्रमांक :- नपजा/विकास/2025-26/4284 दिनांक :- 18/09/2025

ई-निविदा सूचना 04/2025-26

यत् नगर परिषद जालोर द्वारा निम्नांकित स्थानों पर सिविल निर्माण कार्य हेतु उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार एवं मान्यता प्राप्त यथाः नगर निगम/परिषद/पालिका एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्रों में E-Procurement प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा कार्य एवं ई-निविदाओं के संबंधित विवरण वेबसाईट **www.eproc.rajasthan.gov.in** डाउनलोड व अपलोड एवं **www.sppp.rajasthan.gov.in** से डाउनलोड किये जा सकते है। **NIB Code : DLB2526A5964**

आयुक्त
नगर परिषद, जालोर

राज.संवाद/सी/25/10845

11 माह से 2000 गौशालाओं का अनुदान अटका

- **गौ ग्राम सेवा संघ राजस्थान के राज्यव्यापी आव्हान पर ज्ञापन प्रेषित किया**

बीकानेर, (निसं)। गौ ग्राम सेवा संघ राजस्थान के राज्यव्यापी आव्हान पर गुरुवार को जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री, गोपालन मंत्री, सचिव गोपालन, डायरेक्टर गोपालन को ज्ञापन प्रेषित किया गया। इस ज्ञापन में राजस्थान की 2000 गौशालाओं के पिछले 11 माह से अटके अनुदान के लिए संघर्ष करने की चेतावनी दी। ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री को सूचना प्रेषित की गई, यदि एक दो दिवस में अनुदान की राशि गौशालाओं के खाते में नहीं आती है तो विवश होकर गौशालाओं को बड़े आंदोलन का रास्ता पकड़ना पड़ेगा, जिसका समस्त दायित्व राज्य सरकार का होगा।

संगठन के सूरजमालसिंह नीमराना ने बताया कि आज 11 माह बीत जाने के बाद भी राजस्थान की 2000 गौशालाओं को अनुदान नहीं मिला है, जबकि सरकार के पास में गौ संवर्धन निधि कोष से संचित राशि प्राप्त मात्रा में थी, परंतु राज्य सरकार ने उस राशि का उपयोग अन्यत्र कार्य में कर लिया, इसलिए गौशालाएं अनुदान से वंचित रह रही है। हमारा नवंबर 2024 से 31 मार्च 2025 तक का 900 करोड़ का अनुदान अटका हुआ है। अभी तक 2000 गौशालाएं अनुदान से वंचित है। नीमराना ने बताया कि यदि राज्य सरकार आगामी दिनों में अनुदान का वितरण नहीं करती है तो, अधिकांश गौशालाएं गौवंश को छोड़ने पर विवश हो जाएगी और इसका पूर्ण दोष राज्य सरकार का होगा। वर्तमान में यदि समय पर अनुदान मिलता तो, गौशालाएं चारा खरीद सकती थी। यदि हम बीकानेर जिले की बात करें, अभी तक 178 गौशालाओं में से मात्र 53 गौशालाओं को अनुदान मिला है, शेष 125 गौशालाओं के 40 करोड़ रुपए का राज्य सरकार भुगतान नहीं कर रही है। संघ के निरंजन सोनी ने कहा कि यदि राज्य सरकार आगामी दो-तीन दिन में अनुदान का भुगतान नहीं करती है तो विवश होकर पूरे राजस्थान में गौशाला संचालक सामूहिक अनशन पर जाने की चेतावनी देते हैं। सरकार अपने विचारों में सुधार करें और भविष्य में गौ संवर्धन निधि के पैसे को खुर्द-बुर्द नहीं करें, यह अंतिम चेतावनी है। ज्ञापन में सुनील व्यास, प्रेम कुमार गोदारा, प्रेम सिंह घूमान्दा, चंदवीर सिंह, बलदेव दास भदानी, ओम पुरोहित, त्रिलोक मारू, गोपी किशन अग्रवाल, अनूप गहलोत, उमाशंकर सोलंकी आदि ने भाग लिया।

पीएम मोदी को काले झंडे दिखाने जा रहे उदयपुर के कई अधिवक्ता हिरासत में

- **हाईकोर्ट बेंच की मांग को लेकर बांसवाड़ा में पीएम मोदी को काले झंडे दिखाने जा रहे थे**
- **बार एसोसिएशन पूर्व अध्यक्ष सहित कई वरिष्ठ अधिवक्ता हिरासत में, बाद में छोड़ा**

उदयपुर, (कासं)। हाईकोर्ट बेंच की मांग को लेकर गुरुवार को बांसवाड़ा में पीएम मोदी को काले झंडे दिखाने जा रहे उदयपुर के कई अधिवक्ताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया। पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष राकेश मोगरा सहित कई अधिवक्ताओं को पुलिस ने अंबाफला टोल नाके पर रास्ते में ही रोक हिरासत में लिया और बाद में उनको छोड़ दिया गया।

नाराज अधिवक्ताओं ने सड़क पर लेटकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। फिर वे नारेबाजी करते हुए आगे बढ़े तो पुलिस ने समझाइश का प्रयास किया। अधिवक्त नहीं माने। उन्हें पूर्व अध्यक्ष राकेश मोगरा और भरत वैष्णव सहित कई अधिवक्ताओं को उनके दोनों हाथ-पैर से पकड़कर उठाया और गाड़ी में बैठाकर ले गए। हालांकि बाद में उनको छोड़ दिया गया गया। इनके साथ वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश नंदवाना, रामकृपा शर्मा, अरुण व्यास, कमलेश दाणी, शंभू सिंह, जितेन्द्र सिंह लखारी, भरत वैष्णव, कमलेश दवे और सचिव अभिषेक कोठारी को भी हिरासत में लिया गया। बाद में उन्हें छोड़ दिया। इधर बार एसोसिएशन अध्यक्ष चन्द्रभान सिंह, महासचिव महावीर प्रसाद शर्मा और उपाध्यक्ष देवीलाल जाट सहित कई अधिवक्त आसपुर पहुंच गए। वहां पुलिस ने इन्हें रोका और हिरासत में लेकर बाद में छोड़ दिया।

उल्लेखनीय है कि उदयपुर में हाईकोर्ट बेंच की मांग का लेकर लंबे समय से धरना-प्रदर्शन जारी है। बांसवाड़ा में गुरुवार को पीएम मोदी की यात्रा के दौरान अधिवक्ताओं ने काले झंडे दिखाने की चेतावनी दी थी। अधिवक्ताओं ने कहा था कि अगर उन्हें मोदी से नहीं मिलने दिया गया तो वे काले झंडे दिखाएंगे।

कार्यालय अतिरिक्त मुख्य अभियंता एवं पदेन परियोजना प्रबन्धक, वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर, कोटा (राज.)

पता-प्रथम तल जिला परिषद भवन सीएडी कोटा, पिन कोड 324009

क्रमांक- लेखा/2025-26/2340-41 दिनांक-17.09.2025

NOTICE INVITING BID, NIB NO. 09 YEAR 2025-26

Bids for NRM Works, estimated value INR 305.61 Lacs are invited from interested bidders up to 6.00 PM 08.10.2025. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in/) of the state.

NIB NO. WSC2526A0725, **UBN NO.** WSC252WSOB01259, WSC252WSOB01260, WSC252WSOB01257, WSC252WSOB01258

(अशोक कुमार अम्बेश)
अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता एवं पदेन परियोजना प्रबन्धक
वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर जिला परिषद, कोटा

DIPR/C/14013/2025

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड खानपुर

क्रमांक-780 दिनांक-16.09.2025

ई-निविदा सूचना संख्या 12/2025-26

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से भवन निर्माण/मरम्मत कार्यो के लिये उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/कन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के "एए", एवं "ए" "बी", "सी", "डी" श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेबसाईट "www.diproline.org", "www.eproc.rajasthan.gov.in" तथा "www.pwd.rajasthan.gov.in" पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट "www.eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर करवाना आवश्यक है।

UBN NO. (1) PWD2526WSOB12431, (2) PWD2526WSOB12432

अधिशाषी अभियंता
सा.नि.वि. खण्ड खानपुर

DIPR/C/13853/2025

ए.ई.एन. भर्ती परीक्षा 28 को

अजमेर, (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग ने सहायक अभियंता संयुक्त प्रतियोगी (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 के प्रवेश पत्र गुरुवार को अपलोड कर दिए हैं। यह परीक्षा 28 से 30 सितंबर तक अजमेर और जयपुर में आयोजित की जाएगी। आयोग ने परीक्षा के लिए दोनों जिलों में 160 परीक्षा केंद्र बनाए हैं।

एईएन के 1014 पदों के लिए यह परीक्षा तीन दिन तक आयोजित की जाएगी। पहले दिन 28 सितंबर को सुबह 10 से 12 बजे तक सामान्य ज्ञान और सामान्य विज्ञान का पेपर होगा और दोपहर 3 से 5 बजे तक सिविल इंजीनियरिंग का पेपर होगा। 29 सितंबर को सुबह इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और दोपहर में मैकेनिकल इंजीनियरिंग की परीक्षा होगी। 30 सितंबर को सुबह एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग की परीक्षा आयोजित होगी। आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट और एसएसओ पोर्टल पर आवेदन क्रमांक व जन्मतिथि दर्ज कर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। आयोग के अनुसार परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने के 60 मिनट पूर्व तक ही प्रवेश दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं मिलेगा।

डॉ. प्रभात सिंघल को लाइफ टाईम अचीवमेंट सम्मान मिलेगा

जयपुर/कोटा, (निसं)। युवा उत्कर्ष साहित्यिक मंच (पंजीकृत न्यास) नई दिल्ली की ओर से मौलिक सृजन के प्रोत्साहन एवं हिंदी साहित्य-संवर्धन में उल्लेखनीय योगदान हेतु वर्ष-2025 के शीर्षस्थ सम्मान देश के विभिन्न राज्यों के चयनित आठ साहित्यकारों को दिए जाने की घोषणा की गई है। इनमें कोटा राजस्थान के जाने माने साहित्यकार और सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के सेवानिवृत संयुक्त निदेशक डॉ. प्रभात कुमार सिंघल भी शामिल है। यह सम्मान आगामी 2 नवंबर को दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी (गीतांजलि सभागार) में आयोजित 12 वें अखिल भारतीय साहित्य महोत्सव एवं सम्मान समारोह में प्रदान किए जाएंगे। युवा उत्कर्ष साहित्यिक मंच के अध्यक्ष रामकिशोर उपाध्याय के मुताबिक डॉ. प्रभात कुमार सिंघल को स्व. डी.पी.चतुर्वेदी स्मृति लाइफ टाईम अचीवमेंट सम्मान से अलंकृत किया जाएगा। उपाध्याय ने बताया कि पुरस्कार राशि के अतिरिक्त मंच की ओर से सभी पुरस्कार गृहीताओं को सम्मान पत्र, शाल और प्रतीक चिन्ह प्रदान किए जायेंगे।

नदी की सपाट पर पानी में डूबने से पिता-पुत्र की मौत

रूपवास, (निसं)। गांव देवरी के पास गम्भीर नदी की सपाट पर पानी में डूबने से पिता-पुत्र की मौत हो गई। इस सूचना पर तुरंत ही एएसपी हरीराम कुमावत, सीओ नीरज भारद्वाज, थानाधिकारी चंद्रमोहन व घाटोली चौकी इंचार्ज होरीलाल गुर्जर व एएसआई राकेश सेन मय जाब्ता के मौके पर पहुंचे। इसी दौरान विधायक डॉ. ऋतु बनावत भी देवरी की सपाट पर पहुंच गई। तब तक ग्रामीणों ने पिता गोपाल तेली के शव को स्थानीय ग्रामीण गोताखोरों की मदद से ढूंढ निकाला, लेकिन पुत्र साहिल उर्फ फौजी का शव नहीं मिलने पर भरतपुर से एसडीआरएफ की टीम को बुलाया। तो टीम के सदस्यों ने पुत्र साहिल के शव को गम्भीर नदी की रपट में से बाहर निकाला। इसके बाद दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए उपजिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। घाटोली चौकी इंचार्ज होरीलाल ने बताया कि सुबह पिता गोपाल पुत्र अल्लाबख्श व पुत्र साहिल पुत्र गोपाल तेली निवासी देवरी नयागांव के डूबने की सूचना मिलते ही मौके पर जाकर शवों को निकलवाने की कार्यवाही की। इसके बाद शवों को निकलवाया गया।

Rajasthan Financial Services Delivery Limited

(A Government of Rajasthan Undertaking), Registered Office : 3rd Floor, REIL House, Shipra Path, Mansarovar, Jaipur-302020 (Raj.), E-Mail : rfsdl@rajasthan.gov.in

No. :- F.5 (117) RFSDL/Earned Salary & Pension/2025 Jaipur, Dated :- 24/09/2025

Expression of Interest

Proposals for Expression of Interest regarding empanelment of Service Provider(s) /Financial Institution(s) / Bank(s) or Non-banking Financial Company(s) to provide facility of "Earned Salary/Pension Advance Drawls Access Scheme" (one month, three month and up to 24 months advance) for employees/pensioners of Govt. of Rajasthan/Undertaking are invited up to 11:00 A.M. on dated 09.10.2025. For details may be visited on **https://sppp.rajasthan.gov.in.**

Contact Person: M.H. Ansari (DGM), Mobile No. 9461119111

UBN - FGT2526SSOB00016

Raj.Samwad/C/25/10831 Executive Director (Adm.)

हत्या के सात दोषियों को आजीवन कारावास

कोटा, (निसं)। मारपीट कर हत्या के साढ़े सात साल पुराने मामले में महिला उत्पीड़न क्रम-2 न्यायालय ने पकड़े गये सात आरोपियों को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अपर लोक अभियोजक रामहेत कुमार सैनी ने बताया कि 2 मार्च 2018 को ग्रामीण इलाके के मंडाना थाने में फरियादी हेमराज ने रिपोर्ट दी। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि वह ढाणी कसार का रहने वाला है। दिन के समय घर के बाहर बैठा था, तभी अमित रणजीत, पिंटु उर्फ धनराज, राकेश, लोकेश, कमलेश एवं दीपक हाथ में लकड़ियां लेकर आये और उसे रोककर बिना वजह उसके साथ मारपीट की एवं बचाव के लिये आये उसके लड़के व उसके पिता हीरालाल के साथ भी मारपीट की। मारपीट में तीनों को चोट आई। पुलिस ने रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर कार्रवाई की। घायल हीरालाल की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई करते हुए अमित रणजीत, पिंटु उर्फ धनराज, राकेश, लोकेश, कमलेश एवं दीपक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मामले में अनुसंधान कर सभी आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया।

लूट के दो आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। गुमानपुरा पुलिस टीम ने शराब ठेके के सैल्समेन के साथ लूट के दर्ज मामले में विष्णु मालवीय एवं गोलू सिकलीगर को गिरफ्तार किया है। शहर एसपी तेजस्वनी गौतम ने बताया कि 19 सितम्बर को फरियादी किशन सिह ने गुमानपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट में कहा कि वह शराब के ठेके पर सैल्समेन का काम करता है। वह और उसका साथी हरीश दुकान से केश लेकर निकले तभी शिवराज, अजय, गोलू सिकलीगर, विष्णु व दो अन्य ने मिलकर मारपीट की एवं चाकू की नोंक पर दुकान का केश व हरीश का मोबाइल छीन ले गये।

कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण, राजस्थान

राजीव गांधी भवन, दशहरा मैदान, सी.ए.डी. सर्किल, कोटा

Email : nnksouth@gmail.com,Website : www.urban.rajasthan.gov.in/nnks, Ph.: 0744-2502142

क्रमांक :- ननिको(द.)/जनस्वा./2025/8919 - 30 दिनांक :- 24/09/2025

ई-निविदा सूचना

नगर निगम कोटा दक्षिण सीमा क्षेत्र के पार्कों में Waste to Wealth Park स्थापित करने का कार्य (बजट घोषणा सं. 129.29.00/2025-26 अन्तर्गत) हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। इन कार्यो की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने, प्राप्त करने की तिथि व निविदा की शर्ते इत्यादि नगर निगम कोटा दक्षिण की वेबसाईट **https://kotamcsouth.org/, http://sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है। अन्य जानकारी हेतु नगर निगम के प्रशासनिक भवन में कमरा नं0 239 में सम्पर्क कर सकते है।

(अनुमानित लागत रू. 30.00 लाख)

UBN No. – B2526WSOB19631

उपायुक्त
नगर निगम कोटा दक्षिण

राज.संवाद/सी/25/10843

पाली में मिट्टी से निर्मित कुल्हड का उपयोग रेलवे में किया जायेगा : रेल मंत्री वैष्णव

- **केन्द्रीय रेल मंत्री वैष्णव पाली दौरे पर रहे, स्टेशन का निरीक्षण किया**
- **वैष्णव ने हेमावास में चूडी व्यवसाय, लघु उद्योग, कुल्हड बनाने व सेवा समिति में सिलाई प्रशिक्षण का अवलोकन किया**

केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

पाली, (निसं)। केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव गुरूवार को जिले के संक्षिप्त दौरे पर रहे। रेल मंत्री वैष्णव गुरुवार प्रातः पाली के रेलवे स्टेशन पहुंचे, जहां उनका जन प्रतिनिधियों व अधिकारियों ने अगवानी व स्वागत किया। इस अवसर पर रेल मंत्री ने स्टेशन का निरीक्षण किया और वहां पर लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने मीडिया से बात करते हुये कहा कि पाली से जालोर से होकर पाली-दिल्ली के लिये भविष्य में ट्रेन प्रारंभ होगी। साथ ही स्टेशन का भी जल्द ही कायाकल्प होगा। इसके बाद वे पाली के सर्किट हाउस पहुचे, जहां उन्होंने जिले के जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की व चर्चा की।

इस अवसर पर जिला प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा, सांसद पी पी चौधरी, मारवाड़ विधायक केसाराम चौधरी, आईजी जोधपुर, पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, जिला कलेक्टर एलएन मंत्री, जिला पुलिस अधीक्षक आदर्श सिंद्धू, पूर्व सभापति महेन्द्र बोहरा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर, रेलवे के अधिकारी, प्रधान मंगलाराम देवासी, सुनील भंडारी, त्रिलोक चौधरी, पुखराज पटेल आदि मौजूद रहे। इसके बाद रेल मंत्री हेमावास पहुंचे, वहां पर उन्होंने चूड़ी बनाने के व्यवसाय का अवलोकन किया और वहां इस कार्य में लगे परिवारजनों से मिले और चर्चा की। इस अवसर पर उन्होंने हेमावास में नीचे बैठ कर महिलाओं से संवाद कर आत्मनिर्भर बनने के बारे जाना। इसके बाद रेल मंत्री वैष्णव नया गांव रीको एरिया में लघु उद्योग भारती गये जहां पर उन्होंने कुल्हड बनाने की प्रक्रिया मशीन व कुल्हडों को देखा और कहा कि इनकी क्वालिटी अच्छी है और इससे परम्परागत लघु उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने वहां घोषणा की कि पाली में बने कुल्हड का उपयोग रेलवे में किया जायेगा। उन्होंने इस अवसर पर वहां कार्य कर रहे कामगारों से भी बातचीत की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्र सरकार की भी मंशा है कि स्वरोजगार, स्कील डवलपमेंट, महिला सशक्तिकरण में अधिक से अधिक लोग आगे बढ़े इसके लिये विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर सभी जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों सहित, उद्योग केन्द्र महाप्रबन्धक रज्जाक अली, उद्योग भारती में विनय बम्ब, रवि मोहन, राहुल मेहता, महेन्द्र तातेड़, नरपत सिंह सोलंकी गणमान्यजन आदि मौजूद रहे।

इसके बाद रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव सेवा समिति गये जहां उन्होंने आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया और वहां महिलाओं के सिलाई प्रशिक्षण, साधन रोजगार आय, मेहंदी का कार्य, ब्यूटी पार्लर के कार्य को देखा और इस माध्यम से आ रहे उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव के बारे मे जानकारी ली। कार्यक्रम में उन्होंने महिलाओं से बातचीत कर जानकारी ली और वहां बन रहे बैग को देखा और उसे सराहा और कहा कि ये अच्छी क्वालिटी का है ये अनेक उपयोग में लिया जा सकता है।

इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि सभी जगह का चूडी का, सिकोरे का काम देखा और यहां पर सिलाई आदि का कार्य देखा और बहुत अच्छा लगा। उन्होंने कहा ये सारे काम हम अपने घर से कर सकते हैं। साथ ही कहा कि पाली के स्टेशन का नवनिर्माण करेंगे और उसे बहुत सुन्दर बनायेंगे। उन्होंने इस अवसर पर उसके डिजाईन का चित्र भी दिखाया। इस अवसर पर कार्यक्रम को अन्य वक्ताओं ने भी सम्बोधित किया और पूर्व विधायक पारख ने वहां चल रही गतिविधियों की जानकारी दी।

युवक की मौत

भीलवाड़ा, (निसं)। जिले के मांडल थाना क्षेत्र के खारड़ा (आसींद) निवासी जीवराज लोहार (23) की बुधवार देर शाम ट्रेन से कटने से मौत हो गई। परिजनों के अनुसार जीवराज सुबह घर से चित्तौड़ जाने की बात कहकर निकला था और शाम तक लौट आने की बात कही थी। बताया जा रहा है कि नींद आने की वजह से जीवराज भीलवाड़ा स्टेशन पर नहीं उतर पाया। स्टेशन निकल जाने के बाद हड़बड़ाहट में हादसा हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस को उसकी जेब से ट्रेन का टिकट भी मिला है। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाया और परिजनों को सूचना दी।

राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

भू- तल, ब्लॉक-6, डॉ.एस. राधाकृष्णन शिक्षा संकुल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर, फोन नं: 0141-2700459, E-Mail:- RAJSMSA.CIVIL@RAJASTHAN.GOV.IN

क्रमांक :- F-5(1)(294)RCSCE/Civil /SMSA/NIT 08 2025-26 /Vol-5/2025/D- 4067 दिनांक :- 24/09/2025

ई-निविदा सूचना संख्या 08 (सिविल)/2025-26

(राजकीय विद्यालय/केजीबीवी/हॉस्टल के निर्माण कार्यों हेतु)

राज्य एवं केन्द्र सरकार के राजकीय/अर्द्धशासकीय/स्वायत्तशासी निकायों में सक्षम श्रेणी में निर्माण कार्यो हेतु पंजीकृत संवेदकों से समग्र शिक्षा वार्षिक कार्य योजना एवं बजट वर्ष 2024-25, 2025-26, DAJGUA (2024-25, 2025-26), PM JANMAN (2025-26), राज्य मद, नाबार्ड आर.आई.डी.एफ. XXIX योजनान्तर्गत स्वीकृत 40 राजकीय विद्यालय/केजीबीवी/हॉस्टल/डाईट के निर्माण कार्यों हेतु राशि रू. 9972.46 लाख (प्रति कार्य की राशि रूपये 98.98 लाख से 413.73 लाख के मध्य) बाबत् कार्यवार ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ई-निविदाऐं 26/09/2025 प्रातः 10.00 बजे से 15/10/2025 को सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। **UBN No. : RSE2526WSOB01444**

- निविदा से सम्बधित समस्त विस्तृत विवरण वेबसाईट **http://rajsmsa.nic.in, http://sppp.rajasthan.gov.in** एवं **http://eproc.rajasthan.gov.in** पर देखा जा सकता है।
- निविदा से सम्बन्धित प्रक्रिया जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा कार्यालय सम्बन्धित जिला के स्तर से की जावेगी।

राज.संवाद/सी/25/10826 राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा

राजस्थान सरकार
कार्यालय मैनेजर सर्किट हाउस, जालोर

क्रमांक-वि.भ.जा./2025-26/168 दिनांक-10.09.225

-खुली बोली सूचना संख्या 1/2025-26-

विश्राम भवन, जालोर के कुशल संचालन हेतु मानव संसाधन की सेवा